प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये प्रचार का आज अंतिम दिन।
- आरबीएसई अगले शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करेगा।
- हज 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू।
- विश्व विधिक सेवा दिवस आज–इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक समान न्याय की पंहुच सुनिश्चित करना है।

00000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिये प्रचार आज शाम थम जायेगा। इसके लिए दोनो ही पार्टियों के स्टार प्रचारक ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में पूरी ताकत झोंक रखी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज अंता विधानसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगे। वहीं कांग्रेस के पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी रोड़ शो करते हुए मांगरोल पंहुचेंगे।

.....

प्रचार थमने के बाद उम्मीदवार घर घर जाकर मतदाताओं से सम्पर्क कर सकेंगे। इस सीट पर 11 नवम्बर को मतदान होगा। मतगणना 14 नवम्बर को होगी।

0000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) अगले शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करेगा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है। कल कोटा में आयोजित एक सार्वजनिक समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि नई व्यवस्था से विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव कम होगा और उन्हें अपने प्रदर्शन को सुधारने का बेहतर अवसर मिलेगा। श्री दिलावर ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के लिए पहली बोर्ड परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी पास हो जाएंगे, वे अपने तीन विषयों तक में सुधार के लिए दूसरी परीक्षा में बैठ सकेंगे। वहीं, फेल या पूरक योग्य विद्यार्थियों को भी अधिकतम तीन विषयों में प्रदर्शन सुधारने का मौका मिलेगा। नई परीक्षा प्रणाली के तहत मुख्य परीक्षा फरवरी–मार्च में आयोजित की जाएगी और इसके परिणाम घोषित होने के बाद उसी शैक्षणिक सत्र में 'द्वितीय अवसर परीक्षा' मई–जून में होगी।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड राज्य के गठन की रजत जयंती समारोह में भाग लेने के लिए देहरादून जाएँगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी करेंगे। इस अवसर पर वे एक जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में पेयजल, सिंचाई, तकनीकी शिक्षा, ऊर्जा, शहरी विकास, खेल और कौशल विकास सहित कई प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 28 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 62 करोड़ रुपये की सहायता राशि भी अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने राज्य की प्रगति की कामना की।

0000

थार मरूस्थल में भारतीय सेना के तीनों अंगों का त्रिशूल अभ्यास जारी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि अभ्यास त्रिशूल कई डोमेन में एकीकृत तैयारी को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

मंत्रालय ने बताया कि सेना की दक्षिणी कमान वास्तविक परिस्थितियों में हथियारों के संयुक्त संचालन, गतिशीलता और संयुक्त फायर एकीकरण को प्रमाणित करने के लिए अभ्यास मरुज्वाला तथा अखंड प्रहार के माध्यम से थार रेगिस्तान में गहन युद्धाभ्यास कर रही हैं। प्रशिक्षण का समापन एक मेगा लड़ाकू अभ्यास से होगा।

00000

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए हैं। तीर्थयात्रियों को हज समिति की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। सरकार ने तीर्थयात्रा प्रक्रिया में पारदर्शिता, सुरक्षा और सामर्थ्य पर ज़ोर दिया है। इसी कडी में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सऊदी अरब के साथ द्विपक्षीय हज समझौते पर हस्ताक्षर करने और हज 2026 की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जेद्दा पहुंच गए हैं। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि वे हज प्रबंधन पर सहयोग को मज़बूत करने के उद्देश्य से होने वाली चर्चाओं के लिए उत्सुक हैं।

0000

आज विश्व विधिक सेवा दिवस है। यह दिन भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के अधिनियम की याद में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों के बीच कानूनी जागरूकता बढाना और न्याय तक समान पंहुच सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लोगों से न्याय, समानता और कानूनी सशक्तिकरण की भावना का उत्सव मनाने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री गडकरी ने लोगों से समाज के हर वर्ग तक कानूनी सहायता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के प्रयासों को मज़बूत करने का आग्रह किया।

0000

राष्ट्रीय गौरव और एकता की अलख जगाने वाले राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में उत्सव का माहौल है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। इसमें बडी संख्या में विद्यार्थी, स्काउट–एनसीसी कैडेट्स और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कोटपूतली–बहरोड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसमें जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी ने शिरकत की। डूंगरपुर में हुए कार्यकम में कलाकारों ने वंदे मातरम गीत पर प्रस्तुतियां दी।

....

हनुमानगढ़ में पदयात्रा निकाली गई। इसके अलावा जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें खाद्य और नागरिक आपूर्ति तथा जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने भाग लिया। कार्यकम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि वंदे मातरम की रचना करते समय शायद यह नहीं सोचा गया होगा कि एक दिन यह गीत विश्वभर में भारत की पहचान बन जाएगा। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम एक स्लोगन ही नहीं बल्कि भावना है जो देश को एक सूत्र में पिरो रही है।

.....

0000

भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पूर्वी कमान आज गुवाहाटी में दोपहर साढे बारह से दो बजे तक बडे पैमाने पर पहला एयर शो आयोजित कर रही है। भारतीय वायुसेना गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लाहित घाट पर 25 से अधिक संरचनाओं में 75 से अधिक विमानों और हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन करेगी। इस वर्ष वायु सेना दिवस समारोह का विषय "अचूक, अभेद्य और सटीक" है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।

0000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर ने कहा है कि सड़क हादसों से बचने के लिए देशभर में ड्राइविंग लाइसेंस इश्यू करने वालों की जवाबदारी तय होनी चाहिए। साथ ही गाड़ियों की फिटनेस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। जैसलमेर में पत्रकारों से रूबरू होते हुए चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सड़कों पर निगरानी के लिए कैमरे लगाये जाने चाहिए ताकि चालक अनुशासित तरीके से वाहन चला सकें।

....

0000

श्रीगंगानगर में चले रहे अश्व मेले में बेहतर नस्ल के घोड़ों की आवक हो रही है। मेले में वर्तमान में 70 हजार से लेकर करीब 50 लाख रुपये तक की कीमत के घोड़े बिक्री के लिए लाये गये हैं। 11 नवंबर तक चलने वाले इस मेले में घुड़ दौड़ और हॉर्स डिस्पले जैसे कार्यक्रम होंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

0000